निबंधन एवं शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता-परिवार नियोजन(एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडबल्यू) की ओर से उपर्युक्त पद के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

रिपोर्टिंग: उपायुक्त, परिवार नियोजन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

भूमिकाएं व जिम्मेदारियां:

परामर्शदाता स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के योजना प्रभाग में नियुक्त होगा और सीधे उपायुक्त, परिवार नियोजन के पर्यवेक्षण में कार्य करेगा। पद के विशिष्ट उत्तरदायित्व निम्नलिखित हैं:

- राज्य सरकारों के लिए गुणवत्ता टीए के प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए सभी अपेक्षित कार्यकलाप करना, संपर्क बनाने व लॉजिस्टिक प्रबंधन सहित यह सुनिश्चित करना कि प्रशिक्षण /कार्यशालाएं स्थापित गुणवत्ता मापदंडों के अनुसार आयोजित की जाएं।
- परिवार नियोजन प्रभाग में तकनीकी अपडेट्स व नई तकनीक के अपडेशन में सहयोग देना।
- परिवार नियोजन क्रियाकलापों के अनुमोदित बजटों की व्यय पद्धतियों की निगरानी सहित राज्यों में परिवार नियोजन कार्यक्रम की संपूर्ण निगरानी करना तथा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सुधारात्मक कार्रवाई योजनाओं के लिए समय से सुझाव देना ताकि समस्या का पता लगते ही उसका समाधान निकाला जा सके।
- समीक्षा बैठकों, वार्षिक रिपोर्टों, वार्षिक कार्रवाई योजनाओं हेतु उच्च गुणवत्ता का विश्लेषित डाटा एवं रिपोर्ट प्रदान करना तथा आवश्यकता होने पर प्रसारित करना।
- देश के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र की एनएचएम के तहत राज्य कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना (पीआईपी) के परिवार नियोजना घटक का मूल्यांकन करना व उन्हें और सुदृढ़ बनाने के लिए उपर्युक्त कार्यवाही का सुझाव देना। सुझावों का संतोषजनक रूप से पालन सुनिश्चित करने के लिए संशोधित राज्य पीआईपी की जांच करना।
- राज्यों, राज्य स्वास्थ्य सोसायटीज, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशिक्षण संस्थानों व मेडिकल कॉलेजों के साथ मजबूत संबंध कायम करना व बनाए रखना। प्रशिक्षणों की निगरानी करना व प्रशिक्षण कैलेण्डर के विकास में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहयोग देना और प्रशिक्षण संबंधी कार्यकलापों की जांच करना।
- निष्पादन मानक आकलन करना व प्रशिक्षित सेवा प्रदाता को राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण के बाद सहयोग के सभी पहलुओं का आकलन करना।
- राज्यों/जिलों सुविधा-केन्द्रों का उनकी शक्तियां व कमजोरियां जानने के लिए समय-समय पर दौरा करना तथा राज्य व जिला स्तरों पर गुणवत्ता डाटा सुनिश्चित करने के लिए ऑनसाइट डाटा सत्यापन व सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु क्षेत्रीय कार्यकलापों, सभी जारी प्रशिक्षणों की प्रगति की निगरानी करने के साथ-साथ अभिज्ञात की गई कमजोरियों से निपटने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा करना। सहमत कदमों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए समय से जांच करना। उपर्युक्त की रिपोर्ट तैयार करना व परिवार नियोजन प्रभाग के साथ साझा करना, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सुधारात्मक कार्रवाई के लिए सुझाव देना और किए गए संशोधन की जांच करना।
- समय-समय पर पर्यवेक्षक द्वारा दिए जाने वाले कोई अन्य कार्य।

पात्रताः-

- एमबीबीएस/बीडीएस/बीएचएमएस/बीएएमएस/बीपीटी + एमडी/एमपीएच/एमएचए/स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए।

- सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में न्यूनतम 5+ वर्ष से अधिक का अनुभव जिसमें से 2-3 वर्ष का अनुभव राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर सरकार के साथ प्रजनन व बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) का हो। उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच के साथ कार्य किया हो।
- भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, मुख्य पेशेवरों व संबंधित सरकारी नितियों/कार्यनीतियों विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जानकारी।
- सशक्त आलोचनात्मक विश्लेषण व रिपोर्ट लेखन कौशल अपेक्षित है।
- उत्कृष्ट पारस्परिक कौशल, अंग्रेजी व हिंदी दोनों में मौखिक व लिखित संचार कौशल।
- एमएस वर्ड, एक्सल व पावर प्वाइंट जैसे आमतौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों के साथ कम्प्यूटर पर कार्य करने का उच्च स्तरीय ज्ञान।
- प्रबंधन व फील्ड स्टाफ के साथ सहयोग का प्रदर्शन करने की योग्यता।
- निर्धारित समय-सीमा के दबाव में सौंपे गए विभिन्न कार्यों से निपटने की योग्यता।
- बड़े पैमाने पर यात्रा करने की स्वेच्छा व योग्यता।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और उम्र में तब छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता वाला लेख प्रकाशित किया गया हो अथवा विशिष्ट प्रासंगिकता का काम करने का अनुभव हो।

आयुः आवेदन की अंतिम तिथि को 55 वर्श तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिकः- प्रतिमाह 90,000/- रु. से 1,30,000/- रु. के बीच

स्थान : नई दिल्ली, राज्यों और जिलों के दौरे अपेक्षित ।

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **17-Oct-2017 अपराह्न 4 बजे तक** mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।